सत्यमेव जयते

राष्ट्रीय संस्कृति निधि

संस्कृति मंत्रालय

(भारत सरकार)

आज़ादी का अमृत महोत्सव



वार्षिक रिपोर्ट २०२१-२२

राष्ट्रीय संस्कृति निधि

संस्कृति मंत्रालय

(भारत सरकार)

रंगघर खंडहर, अहोम

वार्षिक रिपोर्ट एवं लेखा परीक्षित लेखे

वर्ष 2021–22 के लिए

अहोम योद्धाएं

विषय सूची

1) राष्ट्रीय संस्कृति निधि का परिचय 3

2) दानकर्ताओं को लाभ 5

3) राष्ट्रीय संस्कृति निधि के उद्देश्य : 5

4) प्रबंधन, प्रशासन एवं संरचना 6

5) 2021–22 की मुख्य विशेषताए 8

5.1 2021–22 के दौरान कार्यकारी समिति की बैठक 8

5.2 कॉर्पस निधि 8

5.3 वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करना 8

5.4 2021–22 में पूर्ण परियोजनाएं 8

(क) एएसआई–एनसीएफ–आईओसी–आईओएफ–खजुराहो मंदिर समूह, म.प्र. में पर्यटक अवसंरचना सुविधाओं का विकास 8

(ख) एएसआई–एनसीएफ–सोनी–सारनाथ स्थल एवं संग्रहालय, उत्तर प्रदेश का उन्नयन 9

(ग) ए एस आई–एन सी एफ– एससीयूआरएफ– श्री भुलेश्वर मंदिर, पुणे, महाराष्ट्र का संरक्षण, पुनर्स्थापन, अनुरक्षण एवं दर्शक सुविधाओं का प्रावधान 10

5.5 2021–22 में एनसीएफ की नई पहलें 11

(क) ए एस आई–एन सी एफ–आईओसी–आईओएफ – काला अम्ब, पानीपत में पर्यटक अवसंरचना सुविधाएं 11

(ख) एसबीआई–एनसीएफ–आईजीएनसीए–एल–1 बैरक, लाल किला, दिल्ली में आत्मनिर्भर भारत डिजाइन केंद्र का विकास 12

6) चालू परियोजनाएं : 2021–22 13

6.1) परियोजनाओं की सूची 13

6.2) चालू परियोजनाओं का ब्योरा 16

(क) निष्पादन कलाओं के लिए प्रशिक्षण केंद्र का निर्माण 16

(ख) एएसआई–एनसीएफ–आईओसी–आईओएफ के अंतर्गत राष्ट्रीय स्मारकों का उन्नयन एवं अनुरक्षण 16

I) गोलकुंडा किला, हैदराबाद, तेलंगाना में फलक प्रदीप्तन 17

II) भोगानंदीश्वर मंदिर, बंगलोर, कर्नाटक 17

III) सी कैथेड्रल, गोवा में पर्यटक अवसंरचना सुविधाओं का विकास 18

IV) लखनऊ रेसीडेंसी, उ.प्र. में पर्यटक अवसंरचना सुविधाएं एवं प्रदीप्तन 18

V) अनंत शयन, भगवान विष्णु, धनकनल, उड़ीसा में पर्यटक अवसंरचना सुविधाएं 19

VI) मन्सर, महाराष्ट्र के प्राचीन अवशेषों पर पर्यटक अवसंरचना सुविधाए 19

VII) मंदिर समूह, पत्तादकल, कर्नाटक में पर्यटक अवसंरचना सुविधाएं और प्रदीप्तन 20

VIII) सिन्गोरगढ़ किला एवं सम्बद्ध स्थलें, दमोह, म.प्र. में पर्यटक अवसंरचना सुविधाएं 20

(ग) राजा दिनकर केलकर संग्रहालय के नए भवन का संरक्षण 20

घ) लोधी मकबरा, नई दिल्ली का संरक्षण, परिरक्षण एवं भूचित्रण 21
ड.) लौरिया नंदनगढ़, बिहार में अवसंरचना एवं अन्य सुविधाओं का विकास 22
च) कृष्ण मंदिर, हम्पी, कर्नाटक का विकास 23
छ) हिडिम्बा देवी मंदिर, मनाली, हिमाचल प्रदेश में पर्यटक सुविधाओं का सुधार 24
ज) आलमबाज़ार मठ, कोलकाता, पश्चिम बंगाल का नवीकरण, पुनर्निर्माण 24
झ) इब्राहिम रौज़ा और गोल गुम्बद, बीज़ापुर, कर्नाटक के बागों का पुनर्जीवन 25
ञ) विक्रमशिला विश्वविद्यालय, बिहार स्थित स्मारकों के समूह के परिवेश का संरक्षण एवं विकास 27
ट) प्राचीन शिव मंदिर, अंबरनाथ, महाराष्ट्र का संरक्षण, परिरक्षण एवं विकास 28
ठ) अहोम स्मारक, असम का संरक्षण 28
ड) हजारद्वारी महल, मुर्शिदाबाद, पश्चिम बंगाल का उन्नयन 29
ढ़) रंगनाथ वेणुगोपाल मंदिर, पुष्कर (राजस्थान) के लिए डी पी आर की तैयारी 30
ण) पूर्व ब्रिटिश रेसीडेंसी, हैदराबाद का संरक्षण और पुनः उपयोग 31
त) नालंदा स्थल संग्रहालय, बिहार के लिए डी पी आर की तैयारी 32
थ) राष्ट्रीय स्मारकों पर चक्रद्वार/टिकट प्रणाली का संस्थापन 34
द) विष्णु मंदिर, बाओदी एवं मंदिर समूह में मठ, बातेश्वर, जिला मोरेना, म.प्र. के संरक्षण एवं पुनर्स्थापन के लिए एएसआई–एनसीएफ–इन्फोसिस प्रतिष्ठान परियोजना 34

7) लेखा परीक्षा रिपोर्ट 37

8) लेखा परीक्षक का रिपोर्ट 42

9) फॉर्म 10 43

10) तुलन पत्र 45

11) अनुसूची 24 एवं 25 73

1) राष्ट्रीय संस्कृति निधि का परिचय

राष्ट्रीय संस्कृति निधि (एनसीएफ) की स्थापना दिनांक 28 नवम्बर, 1996 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित गजट अधिसूचना के माध्यम से धर्मार्थ अक्षय निधि अधिनियम, 1890 के अंतर्गत एक न्यास के रूप में भारत सरकार, संस्कृति विभाग (अब संस्कृति मंत्रालय) द्वारा की गई थी।

एन सी एफ की परिकल्पना संस्कृति से संबंधित प्रयासों के लिए सार्वजनिक निजी भागीदारी को बनाकर लोगों का बौद्धिक एवं वित्तीय, दोनों समर्थन प्राप्त करने की व्यवस्था के रूप में की गई थी।

भारत की संस्कृति सबसे पुरानी एवं अद्वितीय संस्कृतियों में से एक है। भारत में एक विस्मयकारी सांस्कृतिक विविधता है, जिसका परिणाम धर्म, भाषा, वास्तुकला, परम्परा एवं रीति–रिवाज की अद्वितीय बहुलता है। विविधतापूर्ण भारत की इस अद्वितीय विचार को आने वाले समय में बिना बिखरे और बिना बाधा के खिलने के लिए व्यक्तिगत और संगठनात्मक स्तर पर प्रयास शुरू किया जाना है। भारत का संविधान निम्नलिखित शब्दों में सांस्कृतिक अधिकार की गारंटी देता है –

''भारत के क्षेत्र या उसके किसी भाग में रहने वाले नागरिकों के किसी वर्ग, जिसकी स्वयं की विशिष्ट भाषा, लिपि या संस्कृति है, को इसको संरक्षित करने का अधिकार है।''

हमारे संविधान में उल्लिखित उद्देश्यों को पूरा करने के लिए सरकार ने हमारी सांस्कृतिक विरासत एवं परंपराओं के रक्षण, परिरक्षण, अनुरक्षण एवं विकास के लिए सतत प्रयास किए हैं।

यह अनुभव किया गया है कि संस्कृति पर खर्च व्यर्थ का खर्च नहीं है, वरन् मानव एवं सामाजिक विकास के लिए योगदान है। हमारे देश में भूतकालीन संस्कृति के वृहत् अवशेष को भारत में सांस्कृतिक वित्त पोषण के प्रतिमानों में उपयुक्त समायोजन एवं नवाचार द्वारा सर्वोत्तम तरीके से परिरक्षित किया जाना है। अतः कारपोरेट की सामाजिक जिम्मेवारी और हमारे विरासत संसाधनों की सततता के बीच संयोजन का पता लगाना महत्वपूर्ण हो गया है। चूंकि देश का लक्ष्य अपने विरासत संसाधनों को बनाए रखने का प्रयास है, कारपोरेट क्षेत्र धारणीय विरासत प्रबंधन और परिरक्षण की प्रक्रिया में एक भागीदार और प्रेरक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है।

सांस्कृतिक परिरक्षण के लिए सामाजिक मांग उपलब्ध सरकारी संसाधनों को पीछे छोड़ चुका है और अतः इसे सरकारी एजेंसियों का निजी एजेंसियों के साथ सक्रिय भागीदारी से पूरा किया जाना है।

उपयुक्त तथ्यों को देखते हुए भारत सरकार, संस्कृति विभाग (अब संस्कृति मंत्रालय) द्वारा 28 नवम्बर, 1996 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित राजपत्र अधिसूचना के जरिए धर्मार्थ अक्षय निधि अधिनियम, 1890 के अंतर्गत एक न्यास के रूप में राष्ट्रीय संस्कृति निधि (एन सी एफ) की स्थापना की गई थी।

एन सी एफ सांस्कृतिक निधियन का एक नवाचारी प्रतिमान है, जो संस्थानों एवं व्यक्तियों को भारत की संपन्न सांस्कृतिक विरासत के संवर्धन एवं परिरक्षण में उनकी सही भूमिका और वृहत पैमाने पर समाज एवं राष्ट्र की सांस्कृतिक आकांक्षाओं में वित्तीय सहयोग देने में समर्थ बनाता है।

सी एस आर के तहत् एन सी एफ के जरिए परियोजनाओं का वित्तपोषण इस बात की मान्यता देता है कि कारपोरेट सामाजिक जिम्मेवारी केवल अनुपालन ही नहीं है, उन पहलों के समर्थन की प्रतिबद्धता है, जो प्रमुखतः राष्ट्रहित में पहलों को पर्याप्त रूप से सुधारता है। कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 135 और कंपनी (कारपोरेट सामाजिक जिम्मेवारी नीति) नियम, 2014 के तहत् यथा अधिसूचित अनेक फोकस क्षेत्रों में सांस्कृतिक संपदा के परिरक्षण के लिए सी एस आर वित्तपोषण को सी एस आर नीति के निम्नलिखित खंड में कवर किया जा सकता है –

''ऐतिहासिक महत्व के भवनों एवं स्थलों और कला वस्तुओं के परिरक्षण सहित राष्ट्रीय विरासत, कला एवं संस्कृति का रक्षण; सार्वजनिक पुस्तकालयों की स्थापना; परम्परागत कला एवं हस्तशिल्प का संवर्धन एवं विकास।''

एन सी एफ अपने संरक्षण के अंतर्गत अधिकृत कार्यकलापों के लिए भारतीय संसद और दानकर्ताओं के प्रति अंतर्निहित जिम्मेदारी में सम्मिलित है। व्यापक रूप में, एनसीएफ की परिकल्पना निगमित और सार्वजनिक क्षेत्र, गैर–सरकारी संगठनों और राज्य सरकारों के साथ भागीदारी और सहभागिता में कार्य करने के लिए की गई है, जिससे वे मूर्त और अमूर्त संस्कृति और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति के संरक्षण, परिरक्षण और विकास के प्रति योगदान कर सकें।

इसके साथ–साथ एन सी एफ अंतर–विषयक अनुसंधान को बढ़ावा देने, नई वीथिकाओं एवं संग्रहालयों के सृजन और सांस्कृतिक कार्यकलापों में कौशल वर्धक व्यावसायिक प्रशिक्षण देने/आयोजन करने का प्रयास कर रहा है।

इन विविध पहलों, कार्यक्रमों और विचारों के जरिए एन सी एफ भारत की संपन्न सांस्कृतिक संपदा (मूर्त और अमूर्त दोनों) के परिरक्षण, संरक्षण और अनुरक्षण के विशेष संदर्भ के साथ विरासत जागरूकता को बढ़ाना और इसका नेतृत्व करना चाहता है और भारत की विरासत के ज्ञान एवं प्रशंसा के प्रसार के लिए प्रयास कर रहा है।

2) दानकर्ताओं को लाभ

एन सी एफ के साथ भागीदारी के लिए आगे आने वाले दानकर्ता को जैसा कि नीचे उल्लिखित है, अनेक लाभ हैं :

1) राष्ट्रीय संस्कृति निधि हेतु दान आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 80 जी (ii) के अंतर्गत 100 प्रतिशत कर छूट का पात्र है।

2) एनसीएफ आयकर छूट के लिए रसीद जारी करता है और दानों के उपयोग का विस्तृत लेखा देता है।

3) प्रत्येक परियोजना के खाते का विवरण एन सी एफ के खाते में समन्वित होता है, जिसका वार्षिक आधार पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा लेखा परीक्षा की जाती है।

4) एनसीएफ के अंतर्गत दानकर्ता के लिए निधियन की किसी विशिष्ट पहलू और परियोजना के निष्पादन के लिए एक एजेंसी की पहचान सहित एक मूर्त या अमूर्त परियोजना या एक स्मारक की पहचान करना संभव है।

5) परियोजना को एक संयुक्त परियोजना कार्यान्वयन समिति (पी आई सी) के माध्यम से क्रियान्वित और मॉनीटर किया जाता है, जिसमें एन सी एफ, कार्यान्वयन एजेंसी और दानकर्त्ता का एक प्रतिनिधि हो।

6) प्रत्येक विकास स्थल पर पट्टिका लगाने का प्रावधान किया गया है जो दानदाताओं, सहयोगकर्ताओं तथा भागीदारों के आभार को सुगम बनाता है।

7) प्रत्येक परियोजना के लिए एक अलग संयुक्त बैंक खाता होता है, जो एन सी एफ के प्रतिनिधि तथा दानदाता/निधियन एजेंसी के प्रतिनिधि द्वारा परिचालित होता है।

3) राष्ट्रीय संस्कृति निधि के उद्देश्य :

(क) संरक्षित स्मारकों या अन्य स्मारकों के संरक्षण, अनुरक्षण, संवर्धन, रक्षण, उन्नयन एवं विकास के लिए निधियां जुटाना एवं उसका उपयोग करना।

(ख) सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक विरासतों के पुनर्वास के लिए कलात्मक, वैज्ञानिक एवं तकनीकी समस्याओं पर अनुसंधान एवं अध्ययन शुरू करना।

(ग) सांस्कृतिक विरासत के क्षेत्र में व्यावसायिकों एवं स्टाफ कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान करना।

(घ) कलात्मक प्रयत्नों के सभी स्वरूपों, विशेषकर कलाओं में नवाचारी प्रयोगों को संरक्षित करना एवं बढ़ावा देना।

(ङ.) विद्यमान संग्रहालयों में अतिरिक्त जगह बनाना तथा नवीन एवं विशिष्ट वीथिकाएं सृजित करने या समाहित करने हेतु नए संग्रहालय का निर्माण करना।

(च) समाज के सांस्कृतिक विकास एवं प्रगति को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय, नगर–निकायों अथवा क्षेत्रीय स्तर पर रणनीतियां बनाना।

(छ) सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक विरासत के संवर्धन एवं परिरक्षण में संलग्न संगठनों, सरकारी या गैर–सरकारी संस्थाओं को संसाधन उपलब्ध कराना।

(ज) भारत एवं अन्य देशों के बीच अनुबंधित सांस्कृतिक आदान–प्रदान कार्यक्रमों के दायरे में स्वदेशी विशेषज्ञता और मानव संसाधन तथा कार्यकलापों के विकास हेतु अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देना।

(झ) विरासतों के संरक्षण के लिए परियोजनाओं या किसी अन्य गतिविधि के लिए कम ब्याज पर, यहां तक कि ब्याज रहित ऋण के लिए निधि उपलब्ध कराना।

4) प्रबंधन, प्रशासन एवं संरचना

राष्ट्रीय संस्कृति निधि का प्रबंधन एक परिषद एवं कार्यकारी समिति के द्वारा किया जाता है। परिषद के अध्यक्ष माननीय संस्कृति मंत्री हैं। कार्यकारी समिति की अध्यक्षता सचिव, संस्कृति मंत्रालय द्वारा की जाती है।

परिषद की अधिकतम सदस्य संख्या पच्चीस की है, जिसमें अधिकतम उन्नीस प्रख्यात सदस्य निगमित एवं सार्वजनिक क्षेत्र, निजी प्रतिष्ठानों एवं गैर लाभकारी संस्थानों का प्रतिनिधित्व करने वाले हैं।

सामान्य परिषद/ईसी को दिनांक 16.03.2022 की अधिसूचना द्वारा तीन वर्ष की अवधि के लिए पुनर्गठित किया गया है। पदेन और गैर–सरकारी सदस्यों की सूची नीचे दी गई है:–

परिषद		
1.	माननीय संस्कृति मंत्री	अध्यक्ष (पदेन)
2.	सचिव (संस्कृति)	सदस्य (पदेन)
3.	अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, संस्कृति मंत्रालय	सदस्य (पदेन)
4.	संयुक्त सचिव, संस्कृति मंत्रालय (एन सी एफ का प्रभारी)	सदस्य (पदेन)
5.	महानिदेशक, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण	सदस्य सचिव (पदेन)
6.	उप सचिव/निदेशक, संस्कृति मंत्रालय (एन सी एफ का प्रभारी)	सदस्य (पदेन)
7.	श्री मिलिन्द कामले	सदस्य
8.	श्री हर्षवर्धन नियोटिया	सदस्य
9.	श्री विशद पी. मफतलाल	सदस्य
10.	श्रीमती सुधा मूर्ति	सदस्य
11.	श्री पी. मुरली	सदस्य
12.	डॉ. चिन्मय पांड्या	सदस्य
13.	श्रीमती ऊर्वशी गांधी	सदस्य
14.	श्रीमती लखीमी बरूआ	सदस्य
15.	सुश्री शीला बालाजी	सदस्य
16.	डॉ. कल्पना सरोज	सदस्य
17.	श्रीमती वीणा सिकरी	सदस्य
18.	श्री सुधीर मेहता	सदस्य
19.	श्री जंगचुप चोईदेन	सदस्य
20.	श्री अनुराग सिंघई	सदस्य
21.	श्री जेर्री राव	सदस्य

कार्यकारी समिति		
1.	सचिव (संस्कृति)	अध्यक्ष (पदेन)
2.	अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, संस्कृति मंत्रालय	सदस्य (पदेन)

3.	संयुक्त सचिव, संस्कृति मंत्रालय (एन सी एफ का प्रभारी)	सदस्य (पदेन)
4.	महानिदेशक, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण	सदस्य (पदेन)
5.	उप सचिव/निदेशक , संस्कृति मंत्रालय (एन सी एफ का प्रभारी)	सदस्य सचिव (पदेन)
6.	श्री हर्षवर्धन नियोटिया	सदस्य
7.	श्रीमती सुधा मूर्ति	सदस्य
8.	डॉ. कल्पना सरोज	सदस्य
9.	श्री सुधीर मेहता	सदस्य

5) 2021–22 की मुख्य विशेषताए

5.1 2021–22 के दौरान कार्यकारी समिति की बैठक

कार्यकारी समिति की 27वीं बैठक 12.04.2021 को हुई।

5.2 कॉर्पस निधि

31 मार्च, 2022 (वित्त वर्ष 2021–22) को राष्ट्रीय संस्कृति निधि की वित्तीय स्थिति

31 मार्च, 2022 को एन सी एफ के पास उपलब्ध कुल राशि रु. 58.08 करोड़ है और इसमें शामिल है:

प्रारंभिक कॉर्पस	:	रु. 19.50 करोड़
द्वितीयक कॉर्पस	:	रु. 38.58 करोड
कुल कॉर्पस	:	रु. 58.08 करोड

5.3 वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करना

वित्त वर्ष 2020–21 के लिए वार्षिक रिपोर्ट और वार्षिक लेखे को राज्य सभा में 10/02/2022 को और लोक सभा में 11/02/2022 को रखा गया।

5.4 2021–22 में पूर्ण परियोजनाएं

(क) एएसआई–एनसीएफ–आईओसी–आईओएफ–खजुराहो मंदिर समूह, म.प्र. में पर्यटक अवसंरचना सुविधाओं का विकास

खजूराहो स्मारक समूह मध्य प्रदेश, भारत में हिन्दू और जैन मंदिरों का एक समूह है, जो जिला छत्तरपुर, म.प्र. में स्थित एक यूनेस्को विश्व विरासत स्थल है। इन मंदिरों का निर्माण चंदेल राजवंश द्वारा 885 से 1050 ई. के बीच किया गया।

खजुराहो मंदिर समूह में निम्नलिखित कार्यों को पूरा किया गया –

पश्चिमी समूह मंदिर

1. मुख्य प्रवेश द्वार, पार्किंग, मुख्य एवेन्यू, जलपान गृह
2. भूचित्रण एवं पगडंडी
3. टिकट काउंटर एवं प्रकाशन काउंटर भवन, श्रव्य–दृश्य सभागार के साथ विवेचन केंद्र, प्रदर्शन वीथिका
4. प्रसाधन प्रखंड, संकेतक और बैठने का स्थान
5. सुरक्षा केबिन वाले संशोधित चाहरदीवारी के साथ स्मारक का प्रवेश द्वार
6. परियोजना स्थल से लगे शिवसागर झील से गाद हटाना एवं इसका सौंदर्यीकरण

    क) पूर्वी मंदिर समूह – पार्किंग, भूचित्रण, बैटरी चालित वाहनों के लिए चौड़ी पगडंडी, टिकट काउंटर के साथ सुरक्षा केबिन, प्रसाधन खंड, संकेतक, पेयजल आदि

    ख) दक्षिणी समूह मंदिर – भूचित्रण, पगडंडी, सुरक्षा केबिन, संकेतक

कार्य 15/06/2021 को पूरा हो गया है।

दक्षिणी समूह–चतुर्भुज प्रवेश द्वार

दर्शक सुविधा केंद

(ख) एएसआई–एनसीएफ–सोनी–सारनाथ स्थल एवं संग्रहालय, उत्तर प्रदेश का उन्नयन

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर	:	**31/05/2017**
वित्तपोषक/भागीदार	:	एएसआई–एनसीएफ–सोनी इंडिया प्रा. लि.
परियोजना विवरण	:	सारनाथ स्थल एवं संग्रहालय का उन्नयन, वाराणसी (उ.प्र.) का उन्नयन (एनसीएफ– दानकर्ताओं के बीच 30.3.2016 का हस्ताक्षरित प्रक्षत्र संगम ज्ञापन के अंतर्गत)

सारनाथ संग्रहालय भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण का सबसे पुराना स्थल संग्रहालय है। इसमें भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा सारनाथ के पुरातत्वीय स्थल के निष्कर्षों एवं उत्खनित वस्तुओं का रखा गया है। सारनाथ उत्तर प्रदेश राज्य में वाराणसी के निकट स्थित है।

निम्नलिखित कार्य पूरे किए गए : –

- सारनाथ संग्रहालय में सुरक्षा व्यवस्था (अद्यतन एनविट प्रणाली के साथ उन्नत सी सी टी वी का संस्थापन)
- सुरक्षा एजेंसी से कार्मिक की नियुक्ति
- संग्रहालय में गृह व्यवस्था कर्मचारी
- पेड़ों के नीचे दर्शकों के लिए बैठक प्लाज़ा को विकसित किया जाना है
- विवेचन केन्द्र का उन्नयन
- संग्रहालय के प्रवेश द्वार पर गढ़ित शेड
- संग्रहालय परिसर में सुरक्षा को मजबूत करना

कार्य मई 2021 में पूरा हो गया है।

(ग) ए एस आई–एन सी एफ– एससीयूआरएफ– श्री भुलेश्वर मंदिर, पुणे, महाराष्ट्र का संरक्षण, पुनर्स्थापन, अनुरक्षण एवं दर्शक सुविधाओं का प्रावधान

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर	:	29/04/2021 (दूसरे चरण के लिए)
वित्तपोषक/भागीदार	:	ए एस आई–एन सी एफ– उत्तरादेवी चैरिटेबल एंड रिसर्च फाउंडेशन
परियोजना विवरण	:	श्री भुलेश्वर मंदिर, पुणे, महाराष्ट्र का संरक्षण एवं विकास

भुलेश्वर मंदिर, पुणे, महाराष्ट्र के संरक्षण एवं विकास के लिए ए एस आई–एन सी एफ– उत्तरादेवी चैरिटेबल एंड रिसर्च फाउंडेशन के बीच दिनांक 26.03.2013 को हस्ताक्षरित प्रक्षत्र संगम ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। समझौता ज्ञापन के अनुशेष पर मंदिर के संरक्षण एवं विकास के दूसरे चरण के कार्य के लिए दिनांक 29.04.2021 को हस्ताक्षर किया गया। पहले चरण का कार्य 2019 में पूरा हो चुका है।

दूसरे चरण के लिए निम्नलिखित कार्य शुरू किए गए और जनवरी 2022 में पूर्ण हुए –

- सुखे ब्रश और सुबाह्य जल से शिखर के सतह की सफाई;
- मंदिर के रिसावदार छत से विकृत एवं क्षतिग्रस्त चूना कंक्रीट को हटाना;

- गचकारी के लिए सतह तैयार करने के लिए मूल संरचना के अनुसार दो या तीन परतों में 36 एमएम मोटा चूना प्लास्टर करना;
- क्षरित/विकृत गचकारी कार्य की मरम्मत;
- शिखर–।। के छूटे हुए सजावटी तत्वों का मरम्मत कार्य।

संरक्षण से पहले

संरक्षण के दौरान

परियोजना जनवरी 2022 में पूर्ण हुई।

5.5 2021–22 में एनसीएफ की नई पहलें

एन सी एफ का प्राथमिक अधिदेश भारतीय विरासत एवं संस्कृति के परिरक्षण के लिए सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) की स्थापना एवं पोषण है और इसको सुदृढ़ करने के लिए एन सी एफ ने विभिन्न संगठनों के साथ नई भागीदारी का पता लगाना जारी रखा है।

(क) ए एस आई–एन सी एफ–आईओसी–आईओएफ – काला अम्ब, पानीपत में पर्यटक अवसंरचना सुविधाएं

एएसआई द्वारा परियोजना का अनुमोदन	:	**06/07/2021**
वित्तपोषक/भागीदार	:	.ए एस आई–एन सी एफ–आईओसी–आईओएफ
परियोजना विवरण	:	काला अम्ब, पानीपत में पर्यटक अवसंरचना सुविधाए

काला अम्ब पानीपत के पर्यटन में आश्चर्यजनक स्थानों में से एक है। काला अम्ब को भारतीय कालानुक्रम में इसके महत्व के कारण ऐतिहासिक स्थलों में ऊपर रखा गया है। काला अम्ब वहीं स्थान है, जहॉ मराठों और अफगान आक्रमणकारी अहमद शाह दुर्रानी के बीच पानीपत की तीसरी लड़ाई लड़ी गई थी। मुख्य शहर से 4 कि.मी. दूर यह एक सुंदर स्थान है। यह 1992 के दौरान उदयसिनराव गायकवाड़ की आज्ञा से बनाया गया और इसे आकर्षण के भव्य स्थान में बदल दिया गया।

काला अम्ब, पानीपत

काला अम्ब, पानीपत

काला अम्ब स्मारक को छोटे टावर की तरह खंभे के आकार में बनाया गया और खंभे में शीर्ष पर एक छड़ को लंबवत् जाम किया गया। इस खंभे को लाल रंग के ईंट से बनाया गया है। नीचे से इसका आधार काफी बड़ा है और जैसे ही इसकी ऊँचाई बढ़ती है, इसकी परिधि घटती है। इस स्मारक को बलुआ पत्थर के सुदंर प्लेटफार्म पर बनाया गया है और लोहे के छड़ों से घेरा गया है।

(ख) एसबीआई–एनसीएफ–आईजीएनसीए–एल–1 बैरक, लाल किला, दिल्ली में आत्मनिर्भर भारत डिजाइन केंद्र का विकास

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर	:	28.01.2022
वित्तपोषक/भागीदार	:	एसबीआई–एनसीएफ–आईजीएनसीए
परियोजना विवरण	:	एल–1 बैरक, लाल किला, दिल्ली में आत्मभारत डिजाइन केंद्र का विकास

परियोजना का उद्देश्य और कार्य क्षेत्र : एबीसीडी केंद्र पर जीआई शोकेस का समग्र दृष्टिकोण निम्न प्रकार से रचनात्मक सहयोगों की सेवा करनी है –

- भारत के सर्वाधिक अद्वितीय जीआई शिल्प और सारवान जीआई जो आत्मनिर्भर भारत के अनुकरणीय प्लेटफार्म का पात्र है, का प्रदर्शन करना।
- उनके परंपरागत कौशल एवं पद्धतियों के लिए भारत के सभी भागों से दुर्लभ एवं विलुप्त होने वाले शिल्पों का प्रदर्शन करना।
- लाभकारी सहयोगों के जरिए शिल्प अर्थव्यवस्था और संबंधित समुदाय को प्रेरणा देना।
- मास्टर शिल्पकारों, डिजाइनरों, उत्पादकों और खरीददारों के बीच रचनात्मक एवं संसाधानपूर्ण संपर्कों को सुकर करना।
- भारत की सर्जनात्मक अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के लिए सर्जनात्मक सर्जनात्मक व्यक्तियों और समुदायों के एक नेटवर्क की स्थापना करना।
- अपनी खासियत के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विख्यात खुदरा बिक्री के लिए एक ब्रांड सृजित करना।
- भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजार के लिए एक उत्पाद, प्रकाशन, प्रदर्शनी, निष्पादन या अनुभव को प्रेरित और सह–सृजित करना।

- स्पष्ट रूप से उच्चतर मूल्य की पेशकश करने वाले महत्वपूर्ण बाजारों के दोहन के लिए लागत प्रभावी एवं टिकाऊ प्रौद्योगिकी की शुरूआत करना।
- ऐसी पारिस्थितिकी सृजित करना, जो जीआई उत्पादों के कलाकारों, शिल्पकारों और उत्पादकों को चलायमान, परस्पर संवादात्मक, अनुभवकारी और सर्जनात्मक घटक के केंद्र में रखे।
- सहयोग और दवाबकारी सामाजिक और व्यापार चुनौतियों का समाधान निकालने के लिए विभिन्न पणधारियों को एक साथ लाना।
- स्वदेशी भोजन, संगीत और नृत्य परंपराओं के आयोजन के लिए बहु–विषयक पहुँच को सुकर बनाना।
- जीआई कहानियों का सही अभिलेखन सुनिश्चित करने के लिए अनुसंधान एवं प्रलेखन का काम करना।
- जन पहुँच रणनीतियों के जरिए इन प्रदर्शों के मूल्य का प्रसार करना।

6) चालू परियोजनाएं : 2021–22

6.1) परियोजनाओं की सूची

क्र. सं.	परियोजना	एम ओ यू पर हस्ताक्षर	प्रायोजक
1)	निष्पादन कलाओं के लिए प्रशिक्षण केंद्र का निर्माण	12/01/2000	राष्ट्रीय संस्कृति निधि–दुर्गापुर बाल संस्कृति अकादमी
2)	(क) गोलकुंडा किला, हैदराबाद में फलक प्रदीप्तन	1/12/2018 को अनुमोदित	इंडियन ऑयल प्रतिष्ठान
	(ख) भोगानंदीश्वर मंदिर, बंगलुरू, कर्नाटक में संरक्षण कार्य एवं पर्यटक सुविधाएं	अगस्त 2019 में अवधारणा योजना अनुमोदित	
	(ग) सी कैथेड्रल, गोवा में पर्यटक अवसंरचना सुविधाओं का विकास	एएसआई से 02/07/2019 को अनुमोदन प्राप्त	

	(घ) लखनऊ रेसीडेंसी, उ.प्र. में पर्यटक अवसंरचना सुविधाएं एवं प्रदीप्तन	15/12/2020 को अनुमोदित	
	(ड.) अनंत शयन, भगवान विष्णु, धेनकनल, उड़ीसा में पर्यटक अवसंरचना सुविधाएं	15/12/2020 को अनुमोदित	
	(च) मन्सर, महाराष्ट्र के प्राचीन अवशेषों पर पर्यटक अवसंरचना सुविधाएं	15/12/2020 को अनुमोदित	
	(छ) मंदिर समूह, पत्तादकल, कर्नाटक में पर्यटक अवसंरचना सुविधाएं और प्रदीप्तन	15/12/2020 को अनुमोदित	
	(ज) सिन्गोरगढ़ किला एवं सम्बद्ध स्थलों, दमोह, म.प्र. में पर्यटक अवसंरचना सुविधाएं	03/03/2021 को अनुमोदित	
3)	संग्रहालय नगर परियोजना : संग्रहालय के नए भवन का निर्माण एवं संग्रह एवं संग्रहालय सुविधाओं का पुनर्वास	12/04/2002	राष्ट्रीय संस्कृति निधि–राजा दिनकर केलकर संग्रहालय
4)	लोधी मकबरा, नई दिल्ली का संरक्षण, परिरक्षण एवं भूचित्रण	10.1.2006	स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया
5)	लौरिया नंदनगढ़, चंकीगढ़ एवं रामपुरवा, पश्चिम चंपारण, बिहार में अवसंरचना एवं अन्य सुविधाओं का विकास	18.12.2007	बोकारो इस्पात संयंत्र
6)	कृष्णा मंदिर, हम्पी, कर्नाटक का विकास	12/6/2008	हम्पी प्रतिष्ठान एवं डब्ल्यू एम एफ
7)	हिडिम्बा देवी मंदिर, हिमाचल प्रदेश में पर्यटक सुविधाओं का सुधार	15/7/2008	यूको बैंक, चंडीगढ़
8)	आलमबाज़ार मठ नवीकरण, पुनर्निमाण परियोजना, कोलकाता, पश्चिम बंगाल	14/10/2008	आलमबाज़ार मठ एवं एन सी एफ

9)	इब्राहिम रौज़ा का बागीचा एवं गोल गुम्बज़, बीजापुर, कर्नाटक का पुनर्जीवन	11/12/2009	नौरस ट्रस्ट
10)	विक्रमशिला, बिहार के खुदाई परिप्रदेश का संरक्षण एवं विकास	22/12/2009	एन टी पी सी लि.
11)	प्राचीन शिव मंदिर, अंबरनाथ, महाराष्ट्र का संरक्षण, परिरक्षण एवं विकास	25/02/2010	एएसआई–एनसीएफ–नागरिक सेवा मंडल
12)	अहोम स्मारक, शिवसागर जिला, असम का संरक्षण 1. रंग घर 2. करेंगनघर (गढ़गांव) 3. तालातल घर (जॉयसागर) 4. चेरईदेव में मैडेम्स का समूह	29/6/2010	तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओ एन जी सी)
13)	पर्यटक के लिए सुविधाएं प्रदान करते हुए पर्यावरण विकास, स्मारकों का प्रदीप्तन और हज़ारद्वारी राजमहल, जिला मुर्शिदाबाद, पश्चिम बंगाल का उन्नयन	13/7/2010	भारतीय स्टेट बैंक, कोलकाता
14)	पुराना श्री रंगनाथ मंदिर, पुष्कर (राजस्थान) के लिए डी पी आर की तैयारी	21/7/2011	श्री रंगनाथ वेणुगोपाल मंदिर ट्रस्ट एवं राष्ट्रीय संस्कृति निधि
15)	पूर्व ब्रिटिश रेसीडेंसी, हैदराबाद का संरक्षण और पुनः उपयोग	28/12/2013	राष्ट्रीय संस्कृति निधि–आंध्र प्रदेश राज्य पुरातत्व निदेशालय एवं ओस्मानिया विश्वविद्यालय
16)	ए एस आई स्थल संग्रहालय, नालंदा, बिहार के लिए विस्तृत डी पी आर की तैयारी	16/04/2015	एन सी एफ
17)	राष्ट्रीय स्मारकों में चक्रद्वार/टिकट प्रणाली का संस्थापन	19/11/2017	भारतीय अवसंरचना वित कंपनी लि. (आई आई एफ सी एल)

18)	विष्णु मंदिर, बाओदी एवं मंदिर समूह, बातेश्वर, जिला मोरेना, म.प्र. में मठ के संरक्षण एवं पुनर्स्थापन	29/01/2021	एएसआई–एनसीएफ–इन्फोसिस प्रतिष्ठान

6.2) चालू परियोजनाओं का ब्योरा

(क) निष्पादन कलाओं के लिए प्रशिक्षण केंद्र का निर्माण

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर की तारीख : 12/01/2000
वित्तपोषक/भागीदार : एनसीएफ–दुर्गापुर बाल संस्कृति अकादमी
परियोजना विवरण : निष्पादन कलाओं के लिए प्रशिक्षण केंद्र का निर्माण

दुर्गापुर बाल संस्कृति अकादमी (डीसीएसी) पश्चिम बंगाल में दुर्गापुर–आसनसोल क्षेत्र के आसपास के क्षेत्र में निष्पादन कलाओं एवं संस्कृति को बढ़ावा देने में लगा हुआ है।

डीसीएसी की पहल का मुख्यतः जिला स्तर पर बहूत ही स्थानीय महत्व है। संगठन का उद्देश्य संस्कृति घटक के अलावा शिक्षा, स्वास्थ्य एवं खेलकूद के पहलुओं सहित बहु–विषयक है।

(ख) एएसआई–एनसीएफ–आईओसी–आईओएफ के अंतर्गत राष्ट्रीय स्मारकों का उन्नयन एवं अनुरक्षण

वित्तपोषक/भागीदार : ए एस आई–एन सी एफ–इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन और इंडियन ऑयल फाउंडेशन (आई ओ एफ),

एन सी एफ और ए एस आई के जरिए इंडियन ऑयल संरक्षण कार्य को वित्तपोषित कर रहा है और विरासत स्थलों पर पर्यटकों के लिए विश्व–स्तरीय सुविधाएं विकसित कर रहा है।

निम्नलिखित स्थलों पर पर्यटक/जन अवसंरचना सुविधाओं का विकास किया जा रहा है :

क. गोलकुंडा किला, हैदराबाद, तेलंगाना
ख. भोगानन्दीश्वर मंदिर, बंगलोर, कर्नाटक
ग. सी कैथेड्रल, गोवा
घ. लखनऊ रेसीडेंसी, उ.प्र.
ड. अनंत शयन, भगवान विष्णु, धेनकनल, उड़ीसा
च. मन्सर, महाराष्ट्र के प्राचीन अवशेष
छ. मंदिर समूह, पत्तादकल, कर्नाटक
ज. सिन्गोरगढ़ किला एवं सम्बद्ध स्थलें, दमोह, म.प्र.

I) गोलकुंडा किला, हैदराबाद, तेलंगाना में फलक प्रदीप्तन

कार्य के विवरण हैं –

- किला का फलक प्रदीप्तन
- पगडंडी प्रदीप्तन

गोलकुंडा किला, हैदराबाद

II) भोगानंदीश्वर मंदिर, बंगलोर, कर्नाटक

9वीं से 15वीं सदी के बीच बना भोगानंदीश्वर मंदिर वास्तुकला की दृष्टि से द्रविड़ शैली के सबसे महत्वपूर्ण नमूनों में से एक है। दुहरे महाद्वार के साथ 112.8 मी. ग 76.2 मी. क्षेत्र में अपने ही प्राकार से घिरा इस परिसर में भोगानंदीश्वर (उत्तर) और अरूणाचलेश्वर (दक्षिण) के रूप में शिव को समर्पित जुड़वां मंदिर है। भोगानंदीश्वर मंदिर बंगलोर ग्रामीण जिला में नंदी पहाड़ी क्षेत्र में स्थित है।

विकसित की जा रही सुविधाएं हैं –

- छोटा जलपान गृह (अर्द्ध खुला)
- दर्शक वीथिका
- प्रसाधन खंड

- पेयजल किओस्क, अमानती सामान गृह
- बैठने के लिए बेंचों के साथ पार्किंग क्षेत्र
- भूचित्रण कार्य एवं संकेतक
- सौर उर्जा 13 केवीए का प्रावधान

भोगानंदीश्वर मंदिर का मुख्य भवन, बंगलोर, कर्नाटक

चाहरदीवारी, बंगलोर, कर्नाटक

III) सी कैथेड्रल, गोवा में पर्यटक अवसंरचना सुविधाओं का विकास

कार्य के विवरण हैं –

- हरियाली के साथ पार्किंग क्षेत्र
- जलपान गृह, पहुंच पगडंडी
- बैठने का स्थान, प्रसाधन प्रखंड एवं पेयजल सुविधाएं
- दर्शक परिचालन पथ, भूचित्रण
- प्लास्टिक बोतल तोड़ने की मशीन
- सुविधाओं, संकेतकों का विद्युतीकरण

सी कैथेड्रल, गोवा

IV) लखनऊ रेसीडेंसी, उ.प्र. में पर्यटक अवसंरचना सुविधाएं एवं प्रदीप्तन

कार्य के विवरण हैं –

- विवेचन केंद्र
- स्मारक का फलक प्रदीप्तन
- बैटरी प्रचालित वाहन का प्रावधान
- पगडंडी प्रदीप्तन

लखनऊ रेसीडेंसी, उ.प्र.

V) अनंत शयन, भगवान विष्णु, धनकनल, उड़ीसा में पर्यटक अवसंरचना सुविधाएं

कार्य के विवरण हैं –

- बाढ़ के पानी के क्षरण से मूर्ति की रक्षा के लिए पत्थर से चिने हुए बांध दीवार का विस्तार, चौड़ा करना
- दर्शकों के लिए बांध दीवार पर सुरक्षित रैलिंग के साथ पगडंडी
- भूचित्रण, पर्यटकों के लिए बैठने का स्थान
- वर्षा आश्रय स्थल, प्रसाधन प्रखंड, पेयजल

अनंत शयन, भगवान विष्णु धेनकनल, उड़ीसा

VI) मन्सर, महाराष्ट्र के प्राचीन अवशेषों पर पर्यटक अवसंरचना सुविधाए

कार्य के विवरण हैं –

- विवेचन केंद्र
- जलपान गृह
- पगडंडी, बैठने का स्थान, कूड़ादान
- डीजी सेट, सौर प्रणाली
- चाहरदीवारी
- भूचित्रण, संकेतक
- बैटरी प्रचालित वाहन
- स्मारक प्रदीप्तन, पगडंडी प्रदीप्तन
- कार्यालय भवन, पार्किंग

प्राचीन अवशेष, मन्सर महाराष्ट

VII) मंदिर समूह, पत्तादकल, कर्नाटक में पर्यटक अवसंरचना सुविधाएं और प्रदीप्तन

कार्य के विवरण हैं –

- स्मारकों का प्रदीप्तन
- प्रदीप्तन प्रणाली के लिए सौर संयंत्र
- विवेचन केंद्र, श्रव्य एवं दृश्य प्रेक्षागृह के साथ वीथिकाएं
- पगडंडी, बैठने का स्थान
- चिह्नित सुविधाएं स्थल पर समग्र क्षेत्र का भूचित्रण

मंदिर समूह, पत्तादकल, कर्नाटक

VIII) सिन्गोरगढ़ किला एवं सम्बद्ध स्थलें, दमोह, म.प्र. में पर्यटक अवसंरचना सुविधाएं

परियोजना को 03.03.2021 को अनुमोदित किया गया और भारत के माननीय राष्ट्रपति ने दिनांक 07.03.2021 को संरक्षण और विकास कार्य की आधारशिला रखी।

कार्य के विवरण हैं –

- पर्यटक सुविधा केंद्र
- बड़ा तोरण द्वार, जलपान गृह, लकड़ी की रैलिंग
- पार्किंग, पर्यटक आश्रय, सौर उर्जा
- पगडंडी, प्रसाधन प्रखंड, बैठने का स्थान

भारत के माननीय राष्ट्रपति द्वारा
आधारशिला रखे जाने का समारोह

सिन्गोरगढ़ किला, दमोह, म.प्र.

(ग) राजा दिनकर केलकर संग्रहालय के नए भवन का संरक्षण

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर की तारीख	:	12/04/2002
वित्तपोषक/भागीदार	:	एनसीएफ–राजा दिनकर केलकर संग्रहालय

परियोजना विवरण : संग्रहालय नगर परियोजना : संग्रहालय के नए भवन का निर्माण एवं संग्रह संग्रहालय सुविधाओं का पुनर्वास

राजा दिनकर केलकर संग्रहालय (आरडीकेएम) के पास कवि, संग्रहकर्ता और कला मर्माज्ञ पद्मश्री स्व. डॉ. डी जी केलकर (1896–1990) का संग्रह है। संकलन में संगीत उपकरणें, वस्त्र, धातु की उपयोगी वस्तुएं, मूर्तियां, कांस्य, लकड़ी की कला वस्तुएं, पांडुलिपियां हैं, जो डॉ. केलकर ने 1975 में संग्रहालय को दान में दिया था।



राजा दिनकर केलकर संग्रहालय, पुणे महाराष्ट्र

आरडीकेएम के लिए नए परिसर की स्थापना के लिए बजट के संबंध में यह सहमति बनी है कि आरडीकेएम और एनसीएफ निजी क्षेत्र, आमजन एवं सरकार सहित से इस उद्देश्य हेतु निधियां उगाही करने एवं दान सुनिश्चित करने के लिए एक साथ काम करेगा। एनसीएफ ने परियोजना की पुनरीक्षा का भी निर्णय लिया है, ताकि इसके कार्यक्षेत्र को सरल एवं कारगर बनाया जा

घ) लोधी मकबरा, नई दिल्ली का संरक्षण, परिरक्षण एवं भूचित्रण

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर की तारीख : 10/01/2006
वित्तपोषक/भागीदार : ए एस आई–एन सी एफ–भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड
परियोजना विवरण : लोधी मक़बरा, नई दिल्ली का संरक्षण, परिरक्षण एवं भूचित्रण।.

लोधी उद्यान में स्थित स्मारक पूर्व मुग़ल कालीन इमारतों के सुंदर उदाहरण प्रस्तुत करते हैं और शहर के भीतर एक निशान की तरह खड़े हैं। लोदी का मकबरा प्रसिद्ध लोदी उद्यान के बीचोंबीच में स्थित है।

विशिष्ट स्मारकों एवं उनके परिप्रदेशों के संरक्षण के लिए निधियों के अंशदान द्वारा कुछ स्मारकों को लेने हेतु एएसआई एवं एनसीएफ ने सेल से पेशकश की। उन्होंने संयुक्त रूप से संरक्षण, परिरक्षण, अनुरक्षण एवं भूचित्रण के लिए लोदी उद्यान के भीतर स्थित निम्नलिखित स्मारकों की पहचान की है :



शीश गुंबद, लोदी गार्डेन, नई दिल्ली

(क) सिकंदर लोदी का मकबरा, (ख) शीश गुंबद, (ग) बड़ा गुंबद, मस्जिद, (घ) मोहम्मद शाह का मकबरा, (ड.) आठपुला (पुराना लोदी पुल)

बड़ा गुंबद, लोदी गार्डेन, नई दिल्ली

ड.) लौरिया नंदनगढ़, बिहार में अवसंरचना एवं अन्य सुविधाओं का विकास

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर	:	18/12/2007
निधिदाता/भागीदार	:	एएसआई–एनसीएफ–बोकारो इस्पात संयंत्र
परियोजना विवरण	:	बिहार के पश्चिम चंपारण जिले में लौरिया नंदनगढ़, चंकी गढ़ और रामपुरवा अवसंरचना तथा अन्य सुविधाओं का विकास

बिहार के पश्चिम चंपारण जिले में लौरिया नंदनगढ़, चंकी गढ़ और रामपुरवा में स्थित स्मारकों और स्थलों में पर्यटक सुविधाओं और उद्यानों के विकास के लिए कार्य योजना और कार्य का क्षेत्र प्रस्तुत किया जाना है।

लौरिया नंदनगढ़, बिहार

च) कृष्ण मंदिर, हम्पी, कर्नाटक का विकास

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर की तारीख	:	12/06/2008
वित्तपोषक/भागीदार	:	ए एस आई–एन सी एफ– हम्पी फाउण्डेशन–डब्ल्यू एम एफ
परियोजना विवरण	:	कृष्ण मंदिर, हम्पी, कर्नाटक का विकास।

कृष्ण मंदिर, हम्पी

इस मंदिर का निर्माण राजा (कृष्णदेव राय) ने 1513 ई0 में कराया था। इस मंदिर में स्थापित मुख्य मूर्ति बालकृष्ण (भगवान कृष्ण का शिशु रूप) की प्रतिमा थी। यह मूर्ति अब राज्य संग्रहालय, चेन्नई में प्रदर्शित की गई है। यह ऐसे बहुत कम मंदिरों में से एक है जिनमें मीनार की दीवारों पर महागाथाएं उत्कीर्ण हैं। यह सचमुच विजयनगर युग के मंदिर का एक सही क्षतिरहित नमूना है।

छ) हिडिम्बा देवी मंदिर, मनाली, हिमाचल प्रदेश में पर्यटक सुविधाओं का सुधार

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर की तारीख	:	15/07/2008
वित्तपोषक/भागीदार	:	ए एस आई–एन सी एफ–यूको बैंक
परियोजना विवरण	:	हिडिम्बा देवी मंदिर में पर्यटक सुविधाओं का सुधार

हिडिम्बा देवी मंदिर मनाली में स्थित है जिसे हिडिम्बा मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। यह भारतीय महाकाव्य महाभारत की एक देवी को समर्पित प्राचीन गुफा मंदिर है। यह मंदिर हिमालय की तलहटी में देवदार वन से घिरा हुआ है। यह मंदिर जमीन से निकली एक बड़ी चट्टान के ऊपर बना है, जिसकी पूजा एक देवी के रूप में की जाती थी। इस संरचना का निर्माण 1553 में हुआ था।

हिडिम्बा देवी मंदिर, मनाली

हिडिम्बा देवी मंदिर में बारीक नक्काशी वाले लकड़ी के दरवाजे हैं और मंदिर के ऊपर लकड़ी का 24 मीटर ऊंचा 'शिखर' या मीनार है। इस मीनार में लकड़ी के पट्टों से ढकी हुई तीन चौकोर छतें हैं और चोटी पर चौथी शंक्वाकार छत पीतल की है। मुख्य द्वार की नक्काशी का मुख्य विषय पृथ्वी देवी दुर्गा है। कार्य के क्षेत्र को संशोधित करने के लिए समझौता ज्ञापन के शुद्धि पत्र पर ए एस आई, एन सी एफ और यूको बैंक ने हस्ताक्षर किए हैं।

योग्य एवं अनुभवी वास्तुकार को नियुक्त करके स्मारकों पर वास्तविक कार्य शुरू करने से पहले व्यापक योजना तैयार किया जाना है और एएसआई सीधे ही काम को निष्पादित करेगा या अपने समग्र पर्यवेक्षण के अंतर्गत सक्षम एजेंसी के जरिए बाहर से काम कराएगा।

ज) आलमबाज़ार मठ, कोलकाता, पश्चिम बंगाल का नवीकरण, पुनर्निर्माण

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर की तारीख	:	14/10/2008
वित्तपोषक/भागीदार	:	एएसआई–एनसीएफ–आलमबाज़ार मठ
परियोजना विवरण	:	आलमबाज़ार मठ का नवीकरण, पुनर्निर्माण।

आलमबाज़ार मठ की स्थापना फरवरी, 1892 ई. में हुई थी। यहां पर स्वामी अभेदानंद, स्वामी विवेकानंद, रामकृष्णानंद तथा अन्यों के शिष्य एकत्र हुए थे और ध्यान योग, धार्मिक अनुष्ठान, लोक कल्याण के कार्य एवं पूजा–पाठ में आध्यात्मिक जीवन गुजारे थे।

इस परियोजना के दो घटक हैं :

- आलमबाज़ार का जीर्णोद्धार, नवीकरण और परिरक्षण
- मौजूदा स्कूल, औषधालय इत्यादि का पुनर्वास, दूसरे स्थान पर ले जाना/सुधार।

आलमबाज़ार मठ, कोलकाता

झ) इब्राहिम रौज़ा और गोल गुम्बद, बीज़ापुर, कर्नाटक के बागों का पुनर्जीवन

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर की तारीख	:	11/12/2009
वित्तपोषक/भागीदार	:	ए एस आई–एन सी एफ– नौरस न्यास
परियोजना विवरण	:	इब्राहिम रौज़ा और गोल गुम्बद, बीज़ापुर के बागों का पुनर्जीवन

कर्नाटक राज्य के बीज़ापुर, जिला–बीजापुर में स्थित मुहम्मद आदिल शाह (1626–56 ई.) का मक़बरा, गोल गुम्बद भारतीय–इस्लामिक वास्तुकला का एक महत्वपूर्ण स्मारक है। इस भवन में एक विशाल वर्गाकार कमरा है जिसकी प्रत्येक भुजा लगभग 50 मी. (160 फुट) की है और इसके ऊपर 37.9 मी. (124 फुट) व्यास का विशाल गुम्बद स्थित है जो इसे विश्व का

दूसरा सबसे बड़ा गुम्बदाकार भवन बनाता है। गोल गुम्बद की सबसे दिलचस्प और उल्लेखनीय विशेषता इसकी ध्वनि प्रणाली है।

गोल गुम्बद परिसर में एक उत्कृष्ट जल आपूर्ति प्रणाली भी है जैसा कि जल कुण्डों, फब्बारों सह कुण्ड, लिफ्ट सह कुंड और कुंओं से प्रतीत होता है। ये बाग स्मारक की डिजाइन के अभिन्न भाग थे, जैसा कि बीजापुर के बाहर स्थित जहां बेग़म (आदिल शाह की पत्नी) के अधूरे मक़बरे में प्रदर्शित किया गया है। मूल बागों को समझने का महत्व दिखाई पड़ने से कहीं आगे तक जाता है जैसा कि इब्राहिम रौज़ा जिसका समय–समय पर बाढ़ से नुकसान हुआ है और गोल गुम्बद जहां लॉन में पानी देने के कारण इमारत के तलघर में नमी आने से रिसाव होता है, में प्रदर्शित होता है।

इस परियोजना का उद्देश्य इस इमारत और बाग के बीच संबंध को यथासम्भव पुनः स्थापित करना है।

परियोजना के उद्देश्य –

- समकालीन उपयोगों और चिंताओं को ध्यान में रखते हुए इस ऐतिहासिक काल के भूपरिदृश्य संबंधी भावना और शैली को अपनाने के लिए इब्राहिम रौज़ा और गोल गुम्बद के बागों को पुनर्जीवित करना।
- इस अनुभव से ऐसी विधि का निर्माण करना जिसे इस क्षेत्र के अन्य बागों पर लागू किया जा सके। इसमें एक दल का गठन करना भी शामिल है जो इस युग के बागों का अध्ययन, विश्लेषण और संरक्षण कर सके।

इब्राहिम रौज़ा (गोल गुम्बद, बीज़ापुर, कर्नाटक) –उत्तर से दृश्य

ञ) विक्रमशिला विश्वविद्यालय, बिहार स्थित स्मारकों के समूह के परिवेश का संरक्षण एवं विकास

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर की तारीख	:	22/12/2009
वित्तपोषक/भागीदार	:	ए एस आई–एन सी एफ–राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एन टी पी सी)
परियोजना विवरण	:	विक्रमशिला के उत्खनित परिवेश का संरक्षण एवं विकास

- विक्रमशिला विश्वविद्यालय

यह पाल वंश के दौरान भारत के दो सबसे महत्वपूर्ण बौद्ध अध्ययन केन्द्रों में से एक था, दूसरा नालंदा विश्वविद्यालय था। नालंदा विश्वविद्यालय में छात्रवृत्ति की गुणवत्ता में तथाकथित कमी आने के प्रतिक्रिया स्वरूप विक्रमशिला विश्वविद्यालय की स्थापना राजा धर्मपाल (783 से 820 ई.) ने की थी। विक्रमशिला बिहार में भागलपुर से लगभग 50 कि.मी. पूर्व दिशा में स्थित है। कार्य के विवरण हैं –

जल कियोस्क विक्रमशिला, बिहार

- पेयजल कियोस्क का निर्माण
- पश्चिम भाग में मठवासीय कक्षों का संरक्षण

संरक्षण से पहले

संरक्षण के दौरान

ट) प्राचीन शिव मंदिर, अंबरनाथ, महाराष्ट्र का संरक्षण, परिरक्षण एवं विकास

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर की तारीख	:	22/12/2009
वित्तपोषक/भागीदार	:	ए एस आई–एन सी एफ–नागरिक सेवा मंडल, पुणे
परियोजना विवरण	:	प्राचीन शिव मंदिर, अंबरनाथ, महाराष्ट्र का संरक्षण, परिरक्षण एवं विकास

अम्बरनाथ, महाराष्ट्र का शिव मंदिर, जिसे अंबरेश्वर शिव मंदिर भी कहा जाता है, 10वीं शताब्दी का भगवान शिव को समर्पित एक मंदिर है। यह हेमदपंति निर्माण में पत्थर से काटा गया एक सुंदर मंदिर है।

मंदिर परिसर के पुनर्स्थापन में अनुचित सीमेंट निशान को हटाना एवं दरारों को भरना, मंदिर के निकट प्राचीन कुँओं से गाद निकालना, मंदिर परिसर में दर्शक सुविधाएं प्रदान करना, मंदिर का प्रदीप्तन आदि शामिल है।

प्राचीन शिव मंदिर, अंबरनाथ

ठ) अहोम स्मारक, असम का संरक्षण

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर की तारीख	:	29/06/2010
वित्तपोषक/भागीदार	:	एएसआई–एनसीएफ–प्राकृतिक गैस आयोग (ओ एन जी सी)
परियोजना विवरण	:	असम के शिव सागर जिले में स्थित निम्नलिखित चार अहोम स्मारकों नवीकरण और अनुरक्षण :

- रंग घर
- कारेंग घर (गढ़गांव)
- तलातल घर (जयसागर)
- चेराई देव स्थित मैदम समूह (कब्रगाह)

शिवसागर, भगवान शिव का सागर, भारत के असम राज्य के शिवसागर जिले में गुवाहाटी से लगभग 360 कि. मी. (224 मील) पूर्वोत्तर में एक कस्बा है। अपने इतिहास, संस्कृति और तालाबों के अलावा यह अहोम महलों और स्मारकों के लिए भी प्रसिद्ध है। इस स्थल के समीप ही ओ एन जी सी संयंत्र है।

कारेंग घर (गढ़गांव)

रंग घर, शिव सागर, असम

असम के शिवसागर जिले में स्थित अहोम स्मारकों {रंग घर, कारेंग घर (गढ़गांव), तलातल घर (जॉय सागर), चेराई देव स्थित मैदम समूह} के नवीकरण और अनुरक्षण को प्रायोजित करने के लिए ओएनजीसी से पेशकश की गई थी। ओएनजीसी परियोजना के लिए अपेक्षित निधि का अंशदान करेगा। परियोजना का नाम ''अमूल्य धरोहर'' होगा। क्षेत्रीय निदेशक, पूर्व और उसके दल के ज़रिए ए एस आई द्वारा परियोजना कार्यान्वित की जा रही है।

ड) हजारद्वारी महल, मुर्शिदाबाद, पश्चिम बंगाल का उन्नयन

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर की तारीख	:	13/07/2010
वित्तपोषक/भागीदार	:	एएसआई–एनसीएफ–भारतीय स्टेट बैंक, कोलकाता, पश्चिम बंगाल
परियोजना विवरण	:	पर्यटक के लिए सुविधाएं प्रदान करते हुए पर्यावरणीय विकास, स्मारकों प्रदीप्तन और मुर्शिदाबाद में हजारद्वारी महल संग्रहालय का उन्नयन

हजारद्वारी महल नवाब नाज़िम हुमायूं जाह के समय नव–शास्त्रीय शैली में निर्मित 41 एकड़ क्षेत्र में फैली तीन मंजिली इमारत है। इस महल की योजना समकालीन वास्तुकार कर्नल मैक्लियोड डंकन ने 1829 और 1837 के बीच कार्यान्वित की थी। इस आलीशान महल के भवन की मुख्य विशेषता है इसके सममितीय फलक और डोरिक स्तम्भों पर सधे हुए त्रिभुजाकार त्रिकोणिका

द्वारमण्डप तथा इस पर उत्तरी दिशा में स्थित आलीशान सीढ़ियों से चढ़ा जा सकता है। हजारद्वारी महल वर्ष 1977 में भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना द्वारा राष्ट्रीय महत्व का केन्द्रीय संरक्षित स्मारक घोषित किया गया था और इसके अन्दर बने संग्रहालय को 1985 में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने पश्चिम बंगाल सरकार से अपने पास ले लिया था।



हजारद्वारी महल, मुर्शिदाबाद, पश्चिम बंगाल

ढ़) रंगनाथ वेणुगोपाल मंदिर, पुष्कर (राजस्थान) के लिए डी पी आर की तैयारी

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर की तारीख	:	14/10/14
वित्तपोषक/भागीदार	:	एन सी एफ– धरोहर (परामर्शदाता)
परियोजना विवरण	:	पुराने रंगजी मंदिर, पुष्कर के संरक्षण के लिए डी पी आर की तैयारी

श्री रंगनाथ वेणुगोपाल मंदिर पुराना रंगजी मंदिर के रूप में प्रसिद्ध है। यह 1844 में बना पुष्कर में सबसे पुराना द्रविड़ शैली का मंदिर है।

श्री रंगनाथ वेणुगोपाल मंदिर परिसर द्रविड़ मंदिर वास्तुकला और राजस्थान वास्तुकला का एक उत्कृष्ट संयोजन है और इसमें चूना मसाला से बना सड़क और पुराने कलात्मक प्रतिमान के साथ आंतरिक मंदिर के चित्रित दीवारों सहित राजस्थान शैली में सज्जित विशाल प्रवेश द्वार और बाहरी परिक्रमा पथ है। मंदिर का आवासीय परिसर 90,000 वर्ग फीट से

अधिक के क्षेत्र में फैला हुआ है। दक्षिण भारतीय वास्तुकला शैली और राजस्थानी शैली में निर्मित मंदिर परिसर धार्मिक और मिथक कहानियों की चित्रकारी के साथ अलंकृत डिज़ाइन से भरा–पड़ा है।

दीवारों पर शेखावती क्षेत्र का महत्वपूर्ण भित्ति चित्र परम्परा अंकित है। भित्ति चित्र का क्षरण हो रहा है और इसके परिरक्षण और संरक्षण हेतु तुरंत ऐहतियात बरतने की आवश्यकता है।

पुराना रंगजी मंदिर, पुष्कर

स्थिति के मूल्यांकन के लिए विस्तृत अध्ययन रिपोर्ट अपेक्षित है।

एनसीएफ की लघु अनुदान योजना के अंतर्गत पुराने रंगजी मंदिर, पुष्कर के संरक्षण के लिए डी पी आर की तैयारी के लिए दिनांक 14/10/14 को एन सी एफ–धरोहर (परामर्शदाता) के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।

ण) पूर्व ब्रिटिश रेसीडेंसी, हैदराबाद का संरक्षण और पुनः उपयोग

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर की तारीख	:	28/12/2013
वित्तपोषक/भागीदार	:	राष्ट्रीय संस्कृति निधि– आंध्र प्रदेश राज्य पुरातत्व निदेशालय एवं ओस्मानिया विश्वविद्यालय
परियोजना विवरण	:	पूर्व ब्रिटिश रेसीडेंसी, हैदराबाद का संरक्षण और पुनः उपयोग

ओस्मानिया विश्वविद्यालय ने 1924 में महिलाओं की शिक्षा के लिए महिला विश्वविद्यालय कॉलेज, कोटि की स्थापना की। आंध्र प्रदेश सरकार ने महिला शिक्षा के उद्देश्य से ओस्मानिया विश्वविद्यालय को पूर्व ब्रिटिश रेसीडेंसी का स्थान एवं भवन दिया है और रजिस्ट्रार, ओस्मानिया विश्वविद्यालय इस संपत्ति के संरक्षक हैं। ओस्मानिया विश्वविद्यालय ने विश्व स्मारक निधि के सहयोग से एक संरक्षण प्रबंधन योजना (सीएमपी) तैयार की है और ऐतिहासिक स्थल एवं भवनों के पुनर्स्थापन एवं अनुकूली पुनर्प्रयोग के लिए एनसीएफ (द्वितीय पक्ष), एसडीएएम (तृतीय पक्ष) की साझेदारी में सीएमपी को कार्यान्वित करना चाहता है।

पूर्व ब्रिटिश रेसीडेंसी, हैदराबाद

त) नालंदा स्थल संग्रहालय, बिहार के लिए डी पी आर की तैयारी

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर की तारीख	:	16/04/2015
वित्तपोषक/भागीदार	:	एएसआई–राष्ट्रीय संस्कृति निधि–एस्ट्रो लिंक्स
परियोजना विवरण	:	नालंदा स्थल संग्रहालय, बिहार के लिए डी पी आर की तैयारी

विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) मै. एस्ट्रो लिंक्स (परामर्शदाता) द्वारा तैयार किया जा रहा है। डी पी आर का उद्देश्य स्थल का अध्ययन है और यह उपाय सुझाना है कि कैसे संरक्षण हस्तक्षेप शुरू करके स्थल के महत्व को बढ़ाना है, जो न केवल इसके महत्त्व की रक्षा करेगा वरन् इसके दर्शक को समग्र एवं प्रामाणिक अनुभव भी प्रदान करेगा।

नालंदा ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दोनों रूप से एक महत्वपूर्ण स्थल है। प्रतिवर्ष औसत 2.5 लाख आगंतुको के साथ यह बहुत ही महत्वपूर्ण है कि इसके महत्व को दर्शकों द्वारा अच्छी तरह विवेचित किया जाए।

वर्तमान स्थल संग्रहालय संभवतः खुदाई स्थल पर कार्य के लिए पुरातत्वविदों के लिए 1915 में एक अतिथि गृह के रूप में बनाया गया था। इसे 1917 में नालंदा तथा राजगीर से उत्खनित पुरावस्तुओं को रखने के लिए संग्रहालय में परिवर्तित

किया गया था। इसके बाद इसे 1956 में नवीकृत किया गया। केवल 390 वर्ग मी. के कवरेज क्षेत्र के साथ यह संग्रहालय भवन निश्चित रूप से 13,463 कला तथ्यों के लिए पर्याप्त नहीं है।

संग्रहालय के मूल तंतु की रक्षा हेतु केवल न्यूनतम हस्तक्षेप के साथ भवन के भौतिक ढांचे को रक्षित करने की आवश्यकता है। यह खंड प्रमुख रूप से दर्शक विवेचन और सुविधा को पूरा करेगा। इसमें टिकट काउंटर, विवेचन केन्द्र, अमानती सामान घर, संग्रहालय दूकान, बाल शिक्षा क्षेत्र आदि होगा।

नालंदा संग्रहालय को एक 'स्थल संग्रहालय' के रूप में वर्गीकृत किया गया है और यह किसी अन्य संग्रहालय से बहूत अलग है। इस पहलू को डिजाइन हस्तक्षेपों के जरिए वद्धित और अच्छी तरह से विवेचित किया जाना चाहिए। स्थल संग्रहालय में अवशेषों/अन्वेषणों को बहूत ही सावधानीपूर्वक प्रदर्शित किया जाना चाहिए, ताकि दर्शकों द्वारा स्थल के साथ उनके संबंध को आसानी से समझा जा सके।

नालंदा स्थल संग्रहालय, बिहार

यह परियोजना भारत की संपन्न सांस्कृतिक विरासत के रक्षण का राष्ट्रीय संस्कृति निधि के दर्शन का एक भाग है। यह पहल शामिल की गई विधाओं के वृहत रेंज जैसे कि पुरावशेष परिरक्षण, संरक्षण प्रदर्शनी, पुरातत्व, कला इतिहास, ऐतिहासिक भवन संरक्षण, संग्रहालय विज्ञान, प्रलेखन, ढ़ॉचागत एवं सिविल इंजीनियरी, परियोजना प्रबंधन, अन्यों के साथ भूचित्र डिजाइनिंग के साथ एक अनुभवी बहु–विषयक दल द्वारा विचारों के आदान–प्रदान एवं उनके कार्यान्वयन के लिए एक मंच प्रदान करेगा।

थ) राष्ट्रीय स्मारकों पर चक्रद्वार/टिकट प्रणाली का संस्थापन

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर की तारीख	:	19/11/2017 (09.03.2016 को एक हस्ताक्षरित प्रछत्र संगम ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ)
वित्तपोषक/भागीदार	:	एएसआई–एनसीएफ–भारतीय अवसंरचना वित्त कंपनी लिमिटेड
परियोजना विवरण	:	राष्ट्रीय स्मारकों पर चक्रद्वार/टिकट प्रणाली का संस्थापन

सांस्कृतिक विरासत का परिरक्षण और रक्षण शुरू करने के लिए राष्ट्रीय संस्कृति निधि (एनसीएफ), संस्कृति मंत्रालय और भारतीय अवसंरचना वित कंपनी लि. (आई आई एफ सी एल) के बीच 9 मार्च, 2016 को एक प्रछत्र समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया था। बाद में ए एस आई स्मारकों पर चक्रद्वार के साथ दर्शक प्रबंधन समाधान प्रदान करने और ऑनलाइन टिकट प्रणाली (ई–टिकट सुविधा) के साथ समेकन के लिए एन सी एफ – ए एस आई – आई आई एफ सी एल के बीच एक त्रिपक्षीय संगम ज्ञापन पर 19 नवंबर, 2017 को हस्ताक्षर हुआ।

चक्रद्वार टिकट प्रणाली को भारत अवसंरचना वित्त कंपनी लिमिटेड (आई आई एफ सी एल) की कारपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सी एस आर) पहल के तहत् वित्तपोषित किया जा रहा है। यह प्रणाली निश्चित रूप से स्मारक परिसरों के भीतर दर्शकों को सुगम प्रवेश प्रदान करेगा। यह व्यवस्था पहले की प्रवेश व्यवस्था की तुलना में बहुत ही क्रमिक और बाधामुक्त है और इसमें कम समय लगता है।

द) विष्णु मंदिर, बाओदी एवं मंदिर समूह में मठ, बातेश्वर, जिला मोरेना, म.प्र. के संरक्षण एवं पुनर्स्थापन के लिए एएसआई–एनसीएफ–इन्फोसिस प्रतिष्ठान परियोजना

विष्णु मंदिर, बाओदी एवं मंदिर समूह, बातेश्वर, जिला मोरेना, म.प्र. में मठ के संरक्षण एवं पुनर्स्थापन के लिए 29 जनवरी, 2021 को एएसआई–एनसीएफ–इन्फोसिस प्रतिष्ठान के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। इन्फोसिस प्रतिष्ठान ने इस परियोजना के लिए रु. 4.00 करोड़ की राशि दान देने की सहमति दी है और रु. 1 करोड़ की राशि जारी कर चुका है।

चिह्नित संरक्षण एवं परिरक्षण कार्य :–

- मंदिर का प्रलेखन
- स्थिति मापन और फोटोग्राफी द्वारा वास्तुगत खंड की विस्तृत फोटोग्राफी
- प्लेट से निर्मित दीवार की बाहरी परिधि को मजबूत करने और रक्षित करने के लिए भारी आकार के पत्थर चिनाई के लिए बाहरी प्लेट निर्मित दीवार के साथ आंतरिक कोर का पता लगाना

- पत्थरों की सफाई और पत्थरों को रोकने के लिए स्तर–वार एवं दिशा–वार बिछाई के बाद सेवा योग्य पत्थर मंदिर शिल्प तथ्य खंड की छँटाई के लिए प्रावधान।

काम चल रहा है

राष्ट्रीय संस्कृति निधि का वित्तीय विवरण वित वर्ष 2021–22

7) लेखा परीक्षा रिपोर्ट

प्रबंधन पत्र का अनुबंध

1. एन सी एफ ने रु. 50,187 का एक स्कैनर वर्ष 2020–21 के दौरान खरीदा और इसे कार्यालय उपकरण के अंतर्गत शामिल किया और इस पर 15 प्रतिशत की दर से ह्रास प्रभारित किया । तथापि, स्कैनर कंप्यूटर हार्डवेयर का भाग होने के कारण इस पर 40 प्रतिशत की दर से ह्रास प्रभारित किया जाना चाहिए था। इसका परिणाम रु. 12,170 से नियत परिसंपत्तियों की अधिक अभिव्यक्ति हुई ह्रास की कम अभिव्यक्ति हुई। इसे पिछले वर्ष के दौरान भी इंगित किया गया था, लेकिन एनसीएफ द्वारा कोई सुधारात्मक कार्रवाई नहीं किया।

2. तुलन पत्र की अनुसूची 3 के अनुसार एनसीएफ के अंतर्गत 41 परियोजनाएं थीं, जिसके लिए अलग बैंक खाते रखे गए थे। लेखा परीक्षा ने नोट किया कि 41 परियोजनाओं में से 06 खातों को बैंक द्वारा निष्क्रिय घोषित किया गया और केवल 05 परियोजनाओं में वर्ष 2021–22 के दौरान बड़े लेन देन हुए। इसके अलावा, यह देखा गया है कि बॉकी 30 परियोजनाओं में कोई लेन देन नहीं हुआ। तथापि एनसीएफ द्वारा इनमें से अनेक परियोजनाओं में बैंक प्रभार का भुगतान किया जा रहा है। एनसीएफ को इन परियोजनाओं की पुनरीक्षा करनी चाहिए और आवश्यक कार्रवाई करनी चाहिए।

31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए राष्ट्रीय संस्कृति निधि के लेखाओं पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का पृथक लेखा–परीक्षा प्रतिवेदन

1. हमने नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का (कर्त्तव्य, शक्तियां और सेवा की शर्तें) अधिनियम, 1971 की धारा 20 (1) के तहत 31 मार्च, 2022 को राष्ट्रीय संस्कृति निधि (एनसीएफ) के संलग्न तुलन पत्र और उसी तिथि को समाप्त वर्ष के लिए आय एवं व्यय लेखा और प्राप्ति एवं भुगतान लेखा की लेखा परीक्षा की है। लेखा परीक्षा 2025–26 तक की अवधि के लिए सौंपी गई है। ये वित्तीय विवरण राष्ट्रीय संस्कृति निधि के प्रबंधन की जिम्मेवारी है। हमारी जिम्मेवारी हमारी लेखा परीक्षा के आधार पर इन वित्तीय विवरणों पर अपनी राय व्यक्त करनी है।

2. इस पृथक लेखा परीक्षा प्रतिवेदन में वर्गीकरण, सर्वोत्तम लेखांकन पद्धतियों के साथ अनुरूपता, लेखांकन मानदंड और प्रगटन मानकों आदि के संबंध में केवल लेखांकन व्यवहार पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणी शामिल है। विधि, नियम एवं विनियम (मालिकाना एवं विनियामक) के अनुपालन और दक्षता–सह–निष्पादन पहलुओं आदि, यदि कोई हो, के संबंध में वित्तीय लेनदेन पर लेखा परीक्षा टिप्पणियां अलग से निरीक्षण रिपोर्टों/कैग के लेखा परीक्षा रिपोर्टों के जरिए सूचित की जाती हैं।

3. हमने भारत में सामान्यतया स्वीकृत लेखा परीक्षण मानदंडों के अनुसार अपनी लेखा परीक्षा की है। इन मानकों में यह अपेक्षा है कि हम इस बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करने कि क्या वित्तीय विवरण वास्तविक मिथ्या विवरणों से मुक्त हैं, लेखा परीक्षा का नियोजन और निष्पादन करते हैं। लेखा परीक्षा में राशियों का समर्थनकारी साक्ष्य और वित्तीय विवरण के प्रगटन का जांच आधार पर परीक्षण शामिल है। लेखा परीक्षा में प्रबंधन द्वारा प्रयुक्त लेखांकन सिद्धांतों और किए गए पर्याप्त आकलनों का मूल्यांकन और वित्तीय विवरणों की समग्र प्रस्तुति का मूल्यांकन भी शामिल है। हमारा विश्वास है कि हमारी लेखा परीक्षा हमारी राय के लिए उपयुक्त आधार प्रदान करता है।

4. अपनी लेखा परीक्षा के आधार पर हम रिपोर्ट देते हैं कि :

   i. हमने सभी सूचना और स्पष्टीकरण प्राप्त किए हैं, जो हमारी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुसार हमारी लेखा परीक्षा के लिए अनिवार्य थे।

   ii. इस रिपोर्ट द्वारा डील किया गया तुलन पत्र, आय एवं व्यय लेखा और प्राप्ति एवं भुगतान लेखा वित्त मंत्रालय द्वारा अनुमोदित लेखाओं के सामान्य फॉर्मेट में तैयार किया गया है।

iii. हमारी राय में राष्ट्रीय संस्कृति निधि द्वारा अपेक्षित लेखा बहियां और अन्य संगत रिकार्ड रखे गए हैं, जहां तक ऐसी बहियों के हमारे परीक्षण से पता चलता है।

iv. हम आगे रिपोर्ट करते हैं कि :

क. तुलन पत्र

क. 1 उपर्युक्त में नीचे यथा वर्णित दीर्घ लंबित देयताएं शामिल हैं:

क्र.सं.	नाम	रु. लाख में	इस अवधि से लंबित
1	वस्तु एवं सेवाओं के लिए विविध लेनदार	7.12	मार्च 2012
2	प्राप्त अग्रिमें	4.62	जून 2009
3	राष्ट्रीय संग्रहालय को देय	7.42	अप्रैल 2005 से पूर्व
4.	परियोजनाओं को वापसी योग्य राशि	13.30	पिछले वर्ष के लेखाओं से, इस राशि की सही अवधि को एनसीएफ द्वारा प्रकट नहीं किया गया।

ये दीर्घ लंबित अग्रिमें असमायोजित पड़ी हैं और इसे यथाशीघ्र पुनरीक्षित किए जाने और निपटाने की आवश्यकता है और संदेहास्पद राशि, यदि कोई है, के लिए प्रावधान किया जाए।

क. 2 चौधरी चरण सिंह की जन्म शताब्दी वर्ष के आयोजन के लिए वर्ष 2002–03 और 2003–04 के दौरान प्राप्त रु. 1. 01 करोड़ की अव्ययित राशि मंत्रालय को मई, 2014 में लौटाई गई। तथापि, एन सी एफ ने 2021–22 तक अव्ययित शेष पर अर्जित ब्याज की राशि को वापस नहीं किया। एन सी एफ ने केवल वर्ष 2009–10 तक अव्ययित शेष पर अर्जित ब्याज के रूप में रु. 0.44 लाख का ब्योरा दिया। तथापि वर्ष 2010–11 से 2021–22 तक ब्याज की राशि की गणना नहीं की गई और 31 मार्च, 2022 को समाप्त अवधि के लिए वार्षिक लेखे में इसे अलग से नहीं दर्शाया गया। एन सी एफ को संबंधित प्राधिकारी को भुगतान करने की तिथि तक ब्याज की राशि की गणना करनी चाहिए और उसे लेखा परीक्षा को सूचित करना चाहिए। क.3 उपर्युक्त में रु. 3.91 लाख का विविध ऋणी शामिल है, जो 2013 से लंबित था। अतिदेय ऋणियों/पूर्व–भुगतान की न तो पुनरीक्षा की गई और न ही लेखों में इसके लिए कोई प्रावधान किया गया।

क.4 लेखाओं के समरूप प्रपत्र के अनुसार संविदात्मक कर्मचारियों के भुगतान को अन्य प्रशासनिक खर्च के अंतर्गत दर्शाया जाना है। एनसीएफ ने रु. 5,82,706/– के व्यय को स्थापना व्यय–अन्य वेतन एवं संविदात्मक स्टाफ को मजदूरी के अंतर्गत बुक किया। तथापि एनसीएफ के पास केवल सभी संविदात्मक स्टाफ हैं, अतः संविदात्मक स्टाफ के भुगतान को स्थापना व्यय के बजाय अन्य प्रशासनिक खर्च के अंतर्गत बुक किया जाना चाहिए था। इसे सुधार किए जाने की आवश्यकता है।

ख. सहायता अनुदान

वर्ष 2021–22 के प्रारंभ में एन सी एफ के पास रु. 56.36 करोड़ की कॉरपस निधि थी, जिसमें रु. 19.50 करोड़ की प्राथमिक कॉरपस निधि शामिल थी। इसने वर्ष के दौरान निधि के निवेश पर रु. 2.21 करोड़ ब्याज अर्जित किया। इसे वर्ष के दौरान रु. 0.19 करोड़ की विविध प्राप्ति हुई। उपलब्ध रु. 58.76 करोड़ निधियों में से इसने रु. 0.68 करोड़ का उपयोग किया और वर्ष के अंत में रु. 58.08 करोड़ का अव्ययित शेष रह गया।

ग. प्रबंधन पत्र

जिन त्रुटियों को लेखा परीक्षा में शामिल नहीं किया गया है, उसे उपचारात्मक/सुधारात्मक कार्रवाई के लिए अलग से जारी किए गए प्रबंधन पत्र के जरिए एन सी एफ के ध्यान में लाया गया है।

V. पूर्ववर्ती पैरा में हमारी टिप्पणियों के अध्यधीन हम रिपोर्ट करते हैं कि इस रिपोर्ट द्वारा डील किया गया तुलन पत्र, आय एवं व्यय लेखा और प्राप्ति एवं भुगतान लेखा लेखा बहियों के अनुरूप है।

Vi. हमारी राय में और हमारी अधिकतम जानकारी के अनुसार और हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार लेखांकन नीतियों और लेखाओं पर नोटों के साथ पठित और ऊपर कथित महत्वपूर्ण मामलों तथा इस लेखा परीक्षा रिपोर्ट के अनुबंध में उल्लिखित अन्य मामलों के अधीन यह लेखा परीक्षा रिपोर्ट भारत में सामान्यतया स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप सत्य और ठीक तस्वीर पेश करता है :

(क) जहां तक कि इसका संबंध 31 मार्च, 2022 को राष्ट्रीय संस्कृति निधि की कार्य स्थिति के तुलन पत्र से है, और

(ख) जहां तक इसका संबंध उक्त तिथि को समाप्त वर्ष के लिए अतिरेक के आय एवं व्यय लेखा से है।

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक
के लिए और उनकी ओर से

ह0/–

(राजीव कुमार पांडे)
महालेखा परीक्षक (केंद्रीय राजस्व)
नई दिल्ली

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 09/01/2023

अनुबंध

1. आंतरिक लेखा परीक्षा प्रणाली की पर्याप्तता

    - इसकी स्थापना से एन सी एफ की आंतरिक लेखा परीक्षा का आयोजन नहीं किया गया।
    -

2. आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता

